THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Dormitory facilities for class III & class IV staff exist.

(b) Does not arise.

कृषि-ऋण निगमों की स्थापना

4968. **श्री योगेन्द्र शर्मा :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृषि ऋण निगमों की स्थापना के सम्बन्ध में किन किन राज्यों ने अपने विचार भेज दिए हैं; और

(ख) उनका ब्योरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) असम, बिहार तथा उड़ीसा।

(ख) उन्हें कृषि ऋण निगमों की स्थापना करनें के बारे में कोई आपत्ति नहीं है। प्रक्रिया तथा ब्योरे के विषय में कुछ सुझाव दिए गए हैं।

सुपर बाजार, नई दिल्ली

4969. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि सुपर बाजार, नई दिल्ली के कर्मचारियों में उनकी सेवा की शर्तों तथा उसके कार्य संचालन में कुप्रबन्ध के कारण असन्तोष फैला हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) सुपर बाजार के कर्मचारियों के केवल एक भाग (1100 कार्मचारियों में से लगभग 95) में मुख्यत: उनके मजदूर संघ को मान्यता न देने के कारण असन्तोष फैला हुआ था।

(ख) सुपर बाजार ने कर्मचारियों की अधिकांश मांगें परस्पर स्वीकार किए गए मध्यस्थ को भेजी हैं और इस मध्यस्थ द्वारा दिए गए अधिनिर्णयों का पालन किया जा रहा है। जहां तक सुपर बाजार के कार्य-संचालन में कुप्रबन्ध से सम्बन्धित आरोपों का प्रश्न है वे एक सामान्य स्वरूप के थे और किन्हीं विशिष्ट दृष्टातों से सम्बन्धित नहीं थे।

सहकारी समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण

4970. **श्री जागेश्वर यादव :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सहकारी समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष 1967-68 में राज्यवार कितनी राशि नियत की गई है; और

(ख) इस राशि में से अब तक कितनी राशि खर्च की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) तथा (ख). एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या LT-2083/67]

मत्स्यनौकाओं के लिये जापानी इंजन

4971. **श्री बसवन्त :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र मछुआ सहकारी समिति के सदस्य स्वदेशी इंजनों की तुलना में जो कि नदियों में दूर